रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004 / 99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

vlk/kj.k
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1528] नई दिल्ली, मंगलवार, जुलाई 2, 2013/आषाढ़ 11, 1935
No. 1528] NEW DELHI, TUESDAY, JULY 2, 2013/ASADHA 11, 1935

पर्यावरण और वन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 2 जुलाई , 2013

का.आ. 1978(अ).- कतिपय नियमों का प्रारूप जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3, धारा 6 और धारा 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और नगरीय ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन और हथालन) नियम, 2000 को उन बातों के सिवाय जिन्हें ऐसे अधिक्रमण के पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है अधिक्रांत करते हुए जनसाधारण की जानकारी के लिए जिसके उससे प्रभावित होने की संभावना है, प्रकाशित किया जाता है ; और यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर उस तारीख को या उसके पश्चात्, जिसको इस अधिसूचना वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जन साधारण को उपलब्ध कराई जाती है, साठ दिन की अवधि की समाप्ति के पश्चात् विचार किया जाएगा ;

प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव, यदि कोई हों, इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर सचिव, पर्यावरण और वन मंत्रालय, पर्यावरण भवन, सीजीओ कांप्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 को डाक द्वारा या ईमेल पते secy-moef@nic.in पर इलैक्ट्रोनिक रूप में भेजे जा सकेंगे ।

आक्षेप या सुझाव जो किसी व्यक्ति से, उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में उपर्युक्त विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्राप्त होते हैं केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया जाएगा ।

प्ररूप नियम

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ**

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम नगरीय ठोस अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 2013 है ।

(2) ये राजपत्र में अंतिम प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. **लागू होना** - ये नियम नगरीय ठोस अपशिष्टों के संग्रहण, पृथक्करण, भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण और निपटान के लिए उत्तरदायी प्रत्येक नगरपालिका प्राधिकारी को लागू होंगे ।

3. **परिभाषाएं** - इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,-

(i) **"वात निरपेक्ष पाचन"** से ऐसी नियंत्रित प्रक्रिया अभिप्रेत है जिसमें ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में कार्बनिक पदार्थों का सूक्ष्म जैविकीय अपघटन अंतर्वलित है;

(ii) **"प्राधिकार"** से "किसी सुविधा के प्रचालक" या "नगरीय प्राधिकरण", "पंचायत" या कोई अन्य अभिकरण को यथा लागू यथास्थिति राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या समिति द्वारा दी गई सहमति अभिप्रेत है ;

(iii) **"जैव अपघटनीय पदार्थ"** से वह पदार्थ अभिप्रेत है जिसका सूक्ष्म जीवों द्वारा अपघटन किया जा सके;

(iv) **"जैविक मिथेनीकरण"** से ऐसी प्रक्रिया अभिप्रेत है जो मिथेन समृद्ध जैविक गैस का उत्पादन आवश्यक सूक्ष्म जैविक क्रिया द्वारा कार्बनिक पदार्थ का विघटन करती है ;

(v) **"बफर जोन"** से गैर विकसित कोई जोन अभिप्रेत है जिसे नगरीय ठोस अपशिष्ट के भूमि भराव, प्रसंस्करण और निपटान के चारों ओर अनुरक्षित करना होगा ;

(vi) **"केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (प्रनिबो)"** से जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन गठित केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अभिप्रेत है ;

(vii) **"संग्रहण"** से संग्रहण बिंदुओं या कोई अन्य अवस्थान से नगरीय ठोस अपशिष्ट को उठाया जाना या हटाया जाना अभिप्रेत है ;

(viii) **"कचरा खाद बनाना"** से कार्बनिक पदार्थ की सूक्ष्म जैविकीय अपघटित करने में अंतर्वलित कोई नियंत्रित प्रक्रिया अभिप्रेत है ;

(ix) **"निर्माण और मलबा अपशिष्ट"** से भवन सामग्री, संनिर्माण, पुनः निर्माण, मरम्मत और गिराने संबंधित क्रिया के परिणामस्वरूप मलबा और रोड़ी से उद्भूत अपशिष्ट अभिप्रेत है ;

(x) **"निपटान"** से भू-जल, सतह जल, प्रवेशी वायु क्वालिटी और पक्षी आकर्षण के स्रोतों के संदूषण को रोकने के विनिर्दिष्ट उपायों के निबंधनों में नगरीय ठोस अपशिष्टों का अंतिम निस्तारण करना अभिप्रेत है ;

(xi) **"प्ररूप"** से इन नियमों से उपाबद्ध प्ररूप अभिप्रेत है ;

(xii) **"अपशिष्टों के उत्पादक"** से नगरीय ठोस अपशिष्टों का उत्पादन करने वाले व्यक्ति या स्थापन अभिप्रेत है ;

(xiii) **"भूमि भरण"** से भू-जल, सतह जल के प्रदूषण और वायु के साथ उड़ने वाली धूल, हवा के साथ उड़ने वाला कूड़ा, दुर्गंध, अग्नि, परिसंकट, पक्षियों का खतरा, नाशी जीव या कृंतक, ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन, ढाल अस्थिरता और कटाव के लिए संरक्षात्मक उपायों के साथ डिजाइन की गई सुविधा में भूमि पर नगरीय अपशिष्ट ठोसों के अपशिष्टों का निपटान अभिप्रेत है ;

(xiv) **"निक्षारितक"** से नगरीय ठोस अपशिष्टों से उत्पन्न द्रव्य जो ठोस अपशिष्ट या अन्य माध्यम से रिसता है और जिसमें इससे घुलित अथवा निलंबित पदार्थों का निष्कर्षण किया गया है, अभिप्रेत है ;

(xv) **"पदार्थ प्रतिप्राप्ति सुविधा(पप्रसु)"** से कोई ऐसी सुविधा अभिप्रेत है जहां नगरीय ठोस अपशिष्टों का पृथक्करण गट्ठे और अस्थायी रूप से भंडारित करने की सुविधा है ;

(xvi) **"नगरीय प्राधिकरण"** से म्यूनिसिपल कार्पोरेशन, म्यूनिसिपेलिटी, नगर पालिका, नगर निगम, नगर पंचायत, नगर परिषद्, जिसके अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र समिति या तत्समय प्रवृत्त किसी अधिनियम के अधीन गठित कोई अन्य स्थानीय निकाय अभिप्रेत है, और जहां नगरीय ठोस अपशिष्ट का प्रबंध या हथालन ऐसे अभिकरण को सौंपा जाता है ;

(xvii) **"नगर पालिक ठोस अपशिष्ट"** के अंतर्गत औद्योगिक परिसंकटमय अपशिष्टों, ई-अपशिष्टों को छोड़कर या तो ठोस या अर्द्ध ठोस रूप में किसी नगरीय या अधिसूचित क्षेत्र में उत्पन्न वाणिज्यिक और आवासीय अपशिष्ट हैं तथा जिसके अंतर्गत उपचारित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट भी है ;

(xviii) **"नगर पालिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन"** से नगर पालिक ठोस अपशिष्ट का संग्रहण पृथक्करण, भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण और निपटान अभिप्रेत है जिसके अंतर्गत किसी वैज्ञानिक या स्वास्थ्यजनक रीति में कमी, पुनःउपयोग, प्रतिउद्धरणीय, पुनःचक्रणन भी है ;

(xix) **"प्रसुविधा का प्रचालक"** से कोई व्यक्ति अभिप्रेत है जो नगरीय ठोस अपशिष्टों के प्रसंस्करण और निपटान की किसी सुविधा का प्रचालन करता है जिसके अंतर्गत प्रसंस्करण और निपटान प्रसुविधा के प्रबंधन के लिए नगर पालिक प्रबंधन द्वारा नियुक्त कोई अन्य अभिकरण भी है ;

(xx) **"गुल्लिकाकरण"** से कोई प्रक्रिया अभिप्रेत है जिससे गुल्लिकाएं तैयार की जाती हैं जिसे ठोस अपशिष्टों से छोटे बौकोर या बेलनाकार टुकड़ों में तैयार किया जाता है और इसके अंतर्गत ईंधन गुल्लिकाएं भी आती हैं जिसे कचरे से प्राप्त ईंधन से, कचरा व्युत्पन्न ईंधन के रूप में निर्दिष्ट किया गया है ;

(xxi) **"विहित प्राधिकारी"** से नियम 4 में निर्दिष्ट इन नियमों के उपबंधों को लागू कराने और आवधिक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने वाला प्राधिकारी अभिप्रेत है ;

(xxii) **"प्रसंस्करण"** से वह प्रक्रिया अभिप्रेत है जिसके द्वारा नगरीय ठोस अपशिष्टों को नए या पुनः चक्रित उत्पादों में परिवर्तित किया जाता है ;

(xxiii) **"पुनःचक्रण"** से नए उत्पादों के उत्पादन के लिए पृथक्करण ठोस अपशिष्टों के रूपांतरण की प्रक्रिया अभिप्रेत है ;

(xxiv) **"कचरा व्युत्पन्न ईंधन (कव्युई)"** से नगरीय ठोस अपशिष्ट को धज्जीकरण और सुखाने वाले ज्वलनशील सम्मिश्रण द्वारा उत्पादित गुल्लिका या रेशेदार प्ररूप में ईंधन है ;

(xxv) **"अनुसूची"** से इन नियमों से उपाबद्ध कोई अनुसूची अभिप्रेत है ;

(xxvi) **"पृथक्करण"** से कार्बनिक, अकार्बनिक, पुनःचक्रण योग्य औद्योगिक परिसंकटमय अपशिष्ट और ई-अपशिष्टों के समूह में नगरीय ठोस अपशिष्टों को पृथक करना अभिप्रेत है ;

(xxvii) **"राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति"** से जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) की धारा 4 की उपधारा (1) के अधीन गठित यथास्थिति, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति अभिप्रेत है ;

(xxiii) **"भंडारण"** से नगरीय ठोस अपशिष्टों को अस्थायी रूप से ऐसी रीति में डिब्बाबंद किया जाना अभिप्रेत है जिससे कूड़ा करकट बिखरने, रोग वाहकों, आवारा पशुओं को आकर्षित करने और अत्यधिक दुर्गंध को रोका जा सके ;

(xxix) **"परिवहन"** से विशेष रूप से डिजाइन की गई परिवहन प्रणाली द्वारा स्वच्छता पूर्वक एक स्थान से दूसरे स्थान तक नगरीय ठोस अपशिष्ट का परिवहन करना अभिप्रेत है जिससे कि दुर्गंध, कूड़ा करकट बिखेरने और घृणित दृश्य की दशाओं और रोग वाहकों की पहुंच को रोका जा सके ;

(xxx) **"उपचारित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट"** से अस्पतालों और स्वास्थ्य देख रेख संस्थानों में उत्पन्न अपशिष्ट अभिप्रेत है जिसे समय समय पर यथा संशोधित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 1998 के अधीन यथा उपचारित विहित किया गया है ;

(xxxi) **"उपचारित"** से जो किसी अपशिष्ट को भौतिक, रासायनिक या जैविकीय लक्षणों या संघटकों को पद्धति तकनीकी या प्रक्रिया से परिवर्तन करना अभिपेत है जिससे क्षति के कारणों को यथा सभव कम किया जा सके;

(xxxii) **"कृमि कचरा खाद बनाना"** जैव अपघटनीय अपशिष्टों का केंचुआ के उपयोग की प्रक्रिया से कंपोस्ट की प्रक्रिया है ;

(xxxiii) **"अपशिष्ट एकत्र करने वाले"** से नगरीय ठोस अपशिष्टों के संग्रहण में लगे व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह अभिप्रेत है ।

4. **विहित प्राधिकारी**-

(1) नीचे दी गई सारणी स्तंभ के (2) में वर्णित विहित अधिकारी हैं:

सारणी - 1

प्राधिकारियों और उनसे तत्स्थानी कर्तव्यों की सूची

क्र.सं.	विहित प्राधिकारी	तत्स्थानी कर्तव्य
(1)	(2)	(3)
1.	पर्यावरण और वन मंत्रालय, भारत सरकार	इन नियमों का आवधिक पुनर्विलोकन करना
2.	नगर विकास मंत्रालय, भारत सरकार	इन नियमों के क्रियान्वयन का समन्वयन और पुनर्विलोकन करना ।
3.	भारसाधक सचिव, नगर विकास विभाग, राज्य सरकार	नगरीय स्थानीय निकाय और नगर पालिका प्राधिकरणों द्वारा इन नियमों के उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करना और राज्य स्तरीय नगरीय ठोस अपशिष्ट नीति या रणनीति बनाना ।
4.	केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	(i) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और प्रदूषण नियंत्रण समितियों के साथ मानकों और मार्गनिर्देशों के लिए पुनर्विलोकन और प्रवर्तन के लिए समन्वय बनाए रखना ; (ii) इन नियमों के कार्यान्वयन पर समेकित वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना ।

5.	नगरीय प्राधिकरण	(i) नगरीय ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए संग्रहण, पृथक्करण, परिवहन और अवसंरचनाओं का विकास करना ; (ii) अपशिष्ट प्रसंस्करण और निपटान, सुविधाओं जिसके अंतर्गत भूमि भरण और विनिर्दिष्ट मानकों के साथ उनका अनुपालन सुनिश्चित करना भी है, स्थापित करने के लिए प्राधिकार प्राप्त करना ; (iii) नगरीय ठोस अपशिष्टों के प्रसंस्करण की स्थापना और निपटान सुविधाओं, जिसके अंतर्गत समय समय पर यथा संशोधित पर्यावरण प्रघात निर्धारण अधिसूचना तारीख 14 सितंबर, 2006 के अनुसार भूमि भरण भी है, के लिए पर्यावरण अनापत्ति प्राप्त करना ; (iv) वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना और उसे यथास्थिति नगरीय विकास विभाग, संबद्ध राज्य सरकार को तथा संबद्ध राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या समिति को भेजना ।
6.	राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति	(i) नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण या निपटान सुविधा, जिसके अंतर्गत भूमि भरण भी है, के लिए नियमों के अधीन प्राधिकार या सहमति के नियत पैरामीटरों को प्राधिकृत करना, मानीटरी करना ; (ii) वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना और उसे केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भेजना ।

2. सारणी के स्तंभ (2) के अधीन निर्दिष्ट विहित प्राधिकारियों को स्तंभ (3) के अधीन वर्णित तत्स्थानी कर्तव्यों का प्रयोग करेंगे ।

5. नगर पालिक प्राधिकरण के उत्तरदायित्व -

(1) प्रत्येक नगर पालिक प्राधिकरण उक्त नियमों के उपबंधों के कार्यान्वयन और नगरीय ठोस अपशिष्टों के संग्रहण, भंडारण, पृथक्करण, परिवहन, प्रसंस्करण और निपटान के लिए आवश्यक अवसंरचनात्मक विकास के लिए प्रत्यक्षतः या अवशिष्ट प्रबंधन में उसके द्वारा लगाए गए अभिकरणों या कार्यकारी समूहों, जिसके अंतर्गत अपशिष्ट उठाने वाले भी हैं, के लिए उत्तरदयी होगा ।

(2) नगर पालिक प्राधिकरण या किसी सुविधा का प्रचालक समय -समय पर यथा संशोधित पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अनुसार नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण और निपटान सुविधा, जिसके अंतर्गत भूमि भरण भी हैं, की स्थापना के लिए राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण से पर्यावरणीय अनापत्ति प्रदान करने के लिए आवेदन करेगा । नगरीय ठोस अपशिष्टों के भूमि भरण, प्रसंस्करण और निपटान सुविधाओं नगर योजना विभाग की भू उपयोग योजना में निगमित होगी । राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा मामला दर मामला आधार पर बफर जोन विनिर्दिष्ट होंगे ।

(3) नगर पालिक प्राधिकरण या किसी सुविधा का कोई प्रचालक, यथास्थिति, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति से अपशिष्ट प्रसंस्करण या निपटान सुविधा की स्थापना के लिए प्राधिकार या सहमति प्राप्त करेगा ।

(4) नगर पालिक प्राधिकरण या किसी सुविधा का कोई प्रचालक अपशिष्ट प्रसंस्करण और सुविधाओं के निपटान, जिसके अंतर्गत भूमि भरण है, यथास्थिति, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति से प्राधिकरण प्रदान करने के लिए प्ररूप-1 में आवेदन करेगा ।

(5) नगर पालिक प्राधिकरण या किसी सुविधा का कोई प्रचालक जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 और वायु (प्रदूषण निवारक तथ नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के उपबंधों के अधीन नगरीय ठोस अपशिष्टों के प्रसंस्करण, पुनःचक्रण और उपचारित करने की स्थापना और प्रचालन के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समितियों से सहमति प्राप्त करेगा।

(6) नगर पालिक प्राधिकरण नगरीय ठोस अपशिष्टों के संग्रहण और परिवहन के लिए सेवा फीस का अवधारण कर सकेगा ।

(7) नगर पालिक प्राधिकरण या किसी सुविधा का कोई प्रचालक अनुसूची के अनुसार इन नियमों का अनुपालन करेगा ।

(8) नगर पालिक प्राधिकरण संबद्ध राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों की नीति या योजना के अनुसार किसी नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंध योजना तैयार करेगा ।

(9) नगर पालिक प्राधिकरण या किसी सुविधा का कोई प्रचालक केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा समय समय पर जारी तकनीकी मार्गनिर्देशों के अनुसार सुविधा के डिजाइन, स्थापना और प्रचालन का उत्तरदायी होगा तथा संबद्ध राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या संघ राज्य की प्रदूषण नियंत्रण समिति से डिजाइन और ले-आउट के लिए अनुमोदन प्राप्त करेगा ।

(10) नगर पालिक प्राधिकरण या किसी सुविधा का कोई प्रचालक नगरीय ठोस अपशिष्टों के हथालन के लिए सभी कर्मकारों को वैयक्तिक संरक्षा उपस्कर अर्थात् मजबूत चमड़े के बने दस्ताने, ऊंचे जूते, चश्में और **मास्क** उपलब्ध कराएगा ।

(11) विद्यमान इंजीनियरी सुविधाओं की दशा में जो प्रचालन में हैं अपेक्षित पर्यावरणीय अनापत्ति, सहमति और प्राधिकार प्राप्त करना नहीं होगा इसे इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर प्राप्त करना होगा ।

6. **राज्य प्रदूषण् नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समितियों के उत्तरदायित्व** -

(1) यथास्थिति, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्रदूषण नियंत्रण समिति कार्रवाई योजना के कार्यान्वयन की प्रगति और भू-जल, प्रवेषी वायु, निक्षालन क्वालिटी और सम्मिलित क्वालिटी, जिसके अंतर्गत भष्मीकरण मानकों या अनुसूची 1 और अनुसूची 2 के अधीन कोई अन्य ऐसी शर्त, के अनुपालन को मानीटर करेगा ।

(2) (i) नगर पालिक प्राधिकरण या किसी सुविधा का कोई प्रचालक, यथास्थिति, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति को प्ररूप 1 में प्राधिकार के प्रदान करने के लिए आवेदन करेगा।

(ii) यथास्थिति, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति नगर पालिक प्राधिकरण या सुविधा के प्रचालक से आवेदन की प्राप्ति के पश्चात् प्रस्ताव की परीक्षा करेगी ।

(iii) यथास्थिति, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति जब प्रस्ताव की परीक्षा करेंगे तो अन्य अभिकरणों जैसे राज्य नगर विकास विभाग, नगर और ग्राम योजना विभाग, विमानपत्तन या एयरबेस प्राधिकरण, भूमि जल बोर्ड या किसी ऐसे अन्य अभिकरण के दृष्टिकोण को भी विचार में लेंगे ।

(3) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति प्ररूप 3 के प्ररूप में नगर पालिक प्राधिकरण या किसी सुविधा के प्रचालक को अनुसूची 1 और अनुसूची 2 में यथा विनिर्दिष्ट मानदंडों और मानकों के नियत अनुपालन साठ दिन की अवधि के भीतर प्ररूप 3 के प्ररूप में जारी करेंगे ।

(4) प्राधिकार अपशिष्ट प्रसंस्करण या निपटान सुविधा के प्रकार पर आधारित किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए विधिमान्य होगा ; और विधिमान्यता की समाप्ति के पश्चात् प्राधिकार का नवीनीकरण अपेक्षित होगा ;

(5) यथास्थिति राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति इन नियमों से उपाबद्ध अनूसूची 1 और 2 में विनिर्दिष्ट मानकों का, जब अपेक्षित हो, प्राधिकरण में नियत शर्तों के अनुपालन की मानीटरी करेंगे ।

7. **केन्द्रीय नियंत्रण बोर्ड के उत्तरदायित्व** -

(1) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मानकों के कार्यान्वयन और पुनर्विलोकन तथा मार्गनिर्देशों और मानीटरी आंकड़ा के अनुपालन के विशिष्टतया संदर्भ में राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और प्रदूषण नियंत्रण समितियों के बीच समन्वयन करेगा ।

(2) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड समय-समय पर नगर ठोस अपशिष्ट के प्रसंस्करण/उपचार और निपटान के लिए अपेक्षित मार्गनिर्देश प्रकाशित करेगा ।

(3) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नगरीय ठोस अपशिष्टों के प्रसंस्करण, पुनःचक्रण और उपचार के लिए किसी नई तकनीक के उपयोग का पुनर्विलोकन करेगा और इस संबंध में मानक विहित कर सकेगा ।

8. **राज्य या संघ राज्यक्षेत्रों के उत्तरदायित्व** - राज्य स्तरीय नगर विकास विभाग राज्य या संघ राज्यक्षेत्र के लिए नगर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना और नगर विकास मंत्रालय की राष्ट्रीय नगरीय स्वच्छता नीति (सानस्वनी) के अधीन राज्य स्वच्छता नीति के समरूप होगी ।

9. **नगरीय ठोस अपशिष्टों का प्रबंधन**-

(1) नगर पालिक प्राधिकरण द्वारा उसका अपना या किसी अभिकरण के माध्यम से या किसी सुविधा के प्रचालक द्वारा अपशिष्टों के संग्रहण, पृथक्करण, भंडारण, परिवहन और प्रसंस्करण तथा सुविधाओं के निपटान की स्थापना निम्नलिखित विनिर्देशों और मानकों को पूर्ण करते हुए करेगा, अर्थात् :-

(क) नगरीय ठोस अपशिष्ट के जैव अपघटनीय और गैर जैव अपघटनीय घटकों का सुरक्षित संग्रहण और पृथक्करण ;

(ख) उद्यान कृषि, संनिर्माण या ध्वस्त मलबा या कचरा या डेयरी अपशिष्टों का पृथक संग्रहण और उपनियम के अनुसार उनका निपटान करना होगा तथा नगरीय ठोस अपशिष्टों के साथ उन्हें सम्मिलित नहीं किया जाएगा ;

(ग) नगर पालिक प्राधिकरण भंडारण स्थानों जैसे सामग्री प्रत्युद्धरणीय सुविधा की पहचान करेगा जो नगरीय ठोस अपशिष्टों के पृथक्करण और नगर पालिक प्राधिकरण द्वारा स्थापित होने वाली सुविधाओं के भंडारण के लिए इस प्रकार अभिकल्पित होंगी कि भंडारित नगरीय ठोस अपशिष्टों का खुले वातावरण में भंडारण न हो और उपयोग के लिए सहज होगा ;

(घ) भंडारण सुविधाएं या 'विन्स' नगरीय ठोस अपशिष्टों के हथालन और परिवहन के लिए 'सहज प्रचालन' के लिए डिजाइन होंगे । जैव अपघटनीय अपशिष्टों के भंडारण के लिए विन्स हरे रंग के होंगे, सफेद रंग के पुनर्चक्रण अपशिष्टों के भंडारण के लिए होंगे और काले रंग के अन्य अपशिष्टों के भंडारण के लिए होंगे ;

(ङ) नगरीय ठोस अपशिष्टों का हाथ से हथालन प्रतिषिद्ध होगा ; परंतु सीमितता के दौरान अपरिहार्य दशा में कर्मकारों की सुरक्षा के लिए सम्यक् देख रेख के साथ उचित सावधानियों के अधीन हाथ से हथालन करना होगा ;

(च) भूमि भरण स्थलों में किसी पुनर्चक्रण सामग्री को हटाने के लिए कोई समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी ;

(छ) मिश्रित अपशिष्टों के भूमि भरण से बचना होगा जब तक कि वह अपशिष्ट प्रसंस्करण के लिए अनुपयुक्त नहीं पाए जाते हैं ;

(ज) भूमि भरण केवल गैर उपयोगी, गैर पुनर्चक्रण, गैर जैव अपघटनीय, गैर क्रियाशील, जड़ अपशिष्टों और अन्य अपशिष्टों जैसे अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाओं के अवशिष्ट के साथ-साथ अपशिष्ट प्रसंस्करण प्रसुविधाओं से पूर्व प्रसंस्करण के नकारे गए अपशिष्ट तथा प्राकृतिक जैसे परंतु नगर पालिक प्राधिकरण द्वारा किए गए प्रभाव के होंगे या ईंट, खरंजा, ब्लॉक, संनिर्माण, गैर पुनर्चक्रणीय प्लास्टिक और सीमेंट भट्टियों में गैर भष्मीयकरण के लिए अन्य अभष्मीयकरण अपशिष्ट या दरवाजे के पट्टे और ऐसी ही प्रकृति के विनिर्माण जिससे भूमि भरण पर भार कम होगा तथा भूमि भरण स्थल अनुसूची 1 में दिए गए विनिर्देशों को पूरा करेंगे ;

(झ) यह सुनिश्चित करना कि कूड़ा, खाद या कोई अन्य अंतिम उत्पाद अनुसूची-2 में यथा विनिर्दिष्ट मानकों का अनुपालन करेंगे और यह भी सुनिश्चित करना कि इस प्रकिया के दौरान वातावरण को कोई क्षति कारित नहीं हो ;

(ञ) सभी पणधारियों के मध्य उनके उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक करना;

(ट) सुनिश्चित करना कि नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादनकर्ता कूड़ा करकट, नगर पालिक प्राधिकरण द्वारा यथा अधिसूचित प्राधिकृत अभिकरण या अपशिष्ट उठाने वालों को नगरीय ठोस अपशिष्टों का प्रदाय करे और नगरीय ठोस अपशिष्टों को खुले में जलाना अनुज्ञात नहीं हो ;

(ठ) जैव चिकित्सीय अपशिष्ट, औद्योगिक परिसंकटमय अपशिष्ट या ई-अपशिष्ट नगरीय ठोस अपशिष्टों के साथ मिश्रित होगा और ऐसा अपशिष्ट इस प्रयोजन के लिए पृथक् विनिर्दिष्ट नियमों का पालन करेंगे ।

2. नगर पालिक प्राधिकरण उक्त नियमों को सभी नगरीय स्थानीय निकायों नगर पालिक उप विधियों में समाविष्ट करेंगे ।

3. नगर पालिक प्राधिकरण नगरीय ठोस अपशिष्टों का उपयोग उपयुक्त तकनीकी ग्रहण द्वारा प्रोत्साहित करेंगे जिसके अंतर्गत कचरा खाद केंचुआ कचरा खाद, ऊर्जा प्रतिद्धरणीय के साथ या उसके बिना वातनिरपेक्षी उपचारी सह भष्मीकारक या समुचित ऐसी प्रौद्योगिकी का संयोजन भी कर सकेगा जिसमें नगरीय ठोस अपशिष्टों का उपयोग किया जा सके जिससे भूमि भरण पर भार कम हो सकेगा ।

4. यथास्थिति, नगर पालिक प्राधिकरण या प्रचालक कोई अन्य नई प्रौद्योगिकी के उपयोग के आशय से राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को अभिकथित मानकों को प्राप्त करने के लिए पहुंच कर सकेंगे और विनिर्दिष्ट मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकार प्राप्त कर सकेंगे जिसके अंतर्गत इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी को विहित प्रदूषण नियंत्रण की कसौटियां सम्मिलित हैं ।

5. राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समितियां विनिर्दिष्ट मानकों को प्राप्त करने के लिए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को संपर्क करेंगी ।

6. विद्यमान कूड़ा स्थल जो भूमि भरण स्थलों के लिए निर्मित नहीं है इन नियमों के उपबंधों के अनुसार बंद और ढक दिए जाएंगे ।

7. ठोस अपशिष्टों की निस्तारण सुविधा के लिए नए स्थल प्रस्तावित नियमों के उपबंधों के अनुसरण में होंगे ।

8. ऐसी विद्यमान सुविधाओं को बंद करने और नई सुविधाओं का प्रचालन करने के लिए संक्रमण समय राज्य नगर विकास विभाग के परामर्श से नगर पालिक प्राधिकरण द्वारा विनिश्चित होगा ।

10. राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय -

(1) प्रत्येक राज्य या संघ राज्यक्षेत्र की सरकार राज्य स्तरीय सलाहकार बोर्ड का गठन करेगी ।

(2) निकाय का गठन संबद्ध राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र की सरकार के नगर विकास विभाग द्वारा होगा ।

(3) राज्य स्तरीय सलाहकार बोर्ड का गठन नीचे दिए गए अनुसार होगा :

(क) सचिव, नगर विकास विभाग-अध्यक्ष, पदेन

(ख) पर्यावरण विभाग राज्य सरकार से एक प्रतिनिधि- सदस्य, पदेन

(ग) केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड या केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड प्रादेशिक कार्यालय से एक प्रतिनिधि- सदस्य, पदेन

(घ) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति से एक प्रतिनिधि- सदस्य, पदेन

(ङ) स्थानीय निकायों से तीन प्रतिनिधि- सदस्य

(च) पर्यावरण या अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकार संगठनों या नागरिक सोसाइटियों से तीन प्रतिनिधि-सदस्य

(4) राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय नगर ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन और हथालन) नियम, 2013 से संबंधित सभी विषयों का पुनर्विलोकन करने के लिए वर्ष में कम से कम एक बार बैठक करेगा ।

(5) पुनर्विलोकन रिपोर्ट की प्रतियां आवश्यक कार्रवाई के लिए इन नियमों के अधीन सभी विहित प्राधिकारियों को भेजनी होंगी ।

(6) निकाय इन नियमों के कार्यान्वयन से संबंधित विषयों पर, यथास्थिति, राज्य या संघ राज्य क्षेत्र की सरकार और विहित प्राधिकारियों को भी सलाह देगा ।

(7) राज्य स्तरीय सलाहकार निकाय यथा आवश्यक विशेषज्ञों को सहयोजित कर सकेगा ।

11. **वार्षिक रिपोर्ट**-

(1) नगर पालिका प्राधिकरण प्ररूप-2 में एक प्ररूप में अपनी वार्षिक रिपोर्ट मेट्रोपोलिटन नगर की दशा में संबद्ध राज्य या संघ राज्यक्षेत्र के नगर विकास के भारसाधक सचिव और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या समिति को प्रत्येक वर्ष की जून की 30 तारीख को या उससे पहले देगा ।

(2) सुविधा का प्रचालक प्ररूप-3 के अनुसार नगर पालिका प्राधिकरणों को वार्षिक रिपोर्ट भेजेगा ।

(3) वार्षिक रिपोर्ट, जिसके अंतर्गत इन नियमों और, यथास्थिति, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या समिति द्वारा नियत शर्तों के अनुसार उनके अनुपालन में की गई कार्रवाई पर प्रगति रिपोर्ट भी होगी ।

(4) यथास्थिति, प्रत्येक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति इन नियमों के कार्यान्वयन पर केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वार्षिक रिपोर्ट प्ररूप-4 के प्ररूप में प्रत्येक वर्ष की सितंबर की 30 वीं तारीख तक तैयार करके भेजेगा ।

(5) केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नगरीय ठोस अपशिष्टों के उपयोग और प्रबंधन पर समेकित वार्षिक पुनर्विलोकन रिपोर्ट तैयार करेगा और उसे भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय और पर्यावरण वन मंत्रालय को अपनी सिफारिशों के साथ प्रत्येक वर्ष की दिसंबर की 30वें दिन तारीख से पहले भेजेगा ।

(6) शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार संबंधित पणधारियों के साथ इन नियमों के अनुपालन के लिए वार्षिक पुनर्विलोकन करेगा।

12. **दुर्घटना रिपोर्ट**- जब किसी नगरीय ठोस अपशिष्टों के संग्रहण, पृथक्करण, भंडारण, प्रसंस्करण, उपचार और निस्तारण सुविधाओं या ऐसे अपशिष्टों के परिवहन के भूमि भरण स्थलों या उसके दौरान कोई दुर्घटना कारित होती है नगर पालिका प्राधिकरण या किसी सुविधा का प्रचालक नगर विकास विभाग के भारसाधक, सचिव या जिला कलक्टर को प्ररूप-5 के प्ररूप में दुर्घटना की रिपोर्ट तुरंत करेगा और उक्त प्राधिकारियों द्वारा जारी अनुदेशों का अनुसरण करेगा ।

[फा. सं. 18-3/2004 (वीओएल.II)-एवएसएमडी]

अजय त्यागी, संयुक्त सचिव

अनुसूची-1

भूमि भरण के लिए विनिर्देश

(क) स्थल चयन के लिए मार्ग निर्देश-

1. 'विकास प्राधिकरणों' की अधिकारिता के अधीन आने वाले क्षेत्रों में ऐसे विकास प्राधिकरणों का भूमि भरण स्थलों की पहचान करना और संबंधित नगर पालिका प्राधिकरणों को ऐसे स्थलों को विकास, प्रचालन और अनुरक्षण के लिए अंतरित करेंगे । अन्यत्र कहीं यह उत्तरदायित्व संबंधित नगर पालिका प्राधिकरण का होगा ।

2 भूमि भरण स्थलों का चयन करने में संबंधित पर्यावरण मुद्दों को विचार में लेंगे ।

3 भूमि भरण स्थल किसी चरणबद्ध निर्माण योजना के साथ साथ उसकी बंदी योजना के उचित दस्तावेजों के साथ योजनबद्ध और डिजाइन के होंगे । किसी विद्यमान भूमि भरण स्थल से लगा हुआ कोई नया भूमि भरण सुविधा तैयार किए जाने की दशा में विद्यमान भूमि भरण स्थल की बंदी योजना ऐसे नए भूमि भरण स्थल के प्रस्ताव का भाग होगी ।

4. भूमि भरण स्थलों का चयन अपशिष्ट संक्रिया सुविधा के निकट उपयोग के लिए चयनित होगी अन्यथा अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा भूमि भरण स्थलों के किसी आंतरिक भाग के रूप में योजनाबद्ध होगी ।

5. भूमि भरण स्थल शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रतिपादित मार्गनिर्देशों के साथ स्थापित होंगे ।

6. विद्यमान भूमि भरण स्थल जो पांच वर्षों से अधिक के लिए उपयोग में हैं, इस अनुसूची में दिए गए विनिर्देशों के अनुसरण में उन्नत किए जाएंगे ।

7. भूमि भरण स्थल कम से कम 20-25 वर्षों के लिए समाप्त होने के लिए, पर्याप्त बड़े होंगे ।

8. भूमि भरण स्थल आवासीय समूहों, वन क्षेत्रों, जलाशयों , स्मारकों, राष्ट्रीय पार्कों, दलदली भूमि और सांस्कृतिक, ऐतिहासिक या धार्मिक महत्व के महत्वपूर्ण स्थानों से दूर होंगे और मामले दर मामले आधार पर राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा यथा विहित दूरी बनाए रखेंगे ।

9. नगर पालिका ठोस अपशिष्टों के भूमि भरण स्थलों और प्रसंस्करण और निपटान के लिए स्थल के चारों ओर बफर जोन को किसी विकास के लिए नहीं बनाए रखा जाएगा । नगर पालिका ठोस अपशिष्टों के भूमि भरण स्थलों और प्रसंस्करण और निपटान के लिए स्थल नगर योजना विकास विभाग के भू- उपयोग योजना में सम्मिलित होंगे । बफर जोन मामला दर मामला आधार पर राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (राएसनिप्रा) द्वारा विहित होंगे । राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा यथा अनुमोदित स्थल संबद्ध स्थानीय शासन द्वारा अधिसूचित होंगे ।

10. भूमि भरण स्थल वायुपत्तन जिसके अंतर्गत एयरबेस भी हैं से दूर होंगे और जहां कोई स्थल किसी वायुपत्तन या एयरबेस के बीस किलोमीटर के भीतर स्थित है भूमि भरण स्थल की स्थापना से पूर्व वायुपत्तन या एयरबेस प्राधिकरणों से अनुमोदन करना आवश्यक होगा ।

11. जैव चिकित्सीय अपशिष्ट , यथासंशोधित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (प्रबंधन और हथालन) नियम, 1998 के अनुसरण में निपटान होगा । परिसंकटमय अपशिष्टों का प्रबंधन समय समय पर यथा संशोधित परिसंकटमय अपशिष्ट (प्रबंधन, हथालन और सीमा पार संचलन) नियम, 2008 के अनुसरण में होगा । ई-अपशिष्टों का प्रबंधन ई-अपशिष्ट (प्रबंधन और हथालन) नियम, 2011 के अनुसरण में होगा ।

ख. स्थलों पर सुविधाओं के विकास के लिए मानदंड

1. भूमि भरण स्थल पर बाड़ या चारदीवारी होगी और यानों या अन्य परिवहन के ढंगों को मानीटर करने के लिए उचित दरवाजों का उपबंध होगा ।

2. भूमि भरण स्थल अप्राधिकृत व्यक्तियों और आवारा पशुओं के प्रवेश को रोकने के लिए दीवार से संरक्षित होंगे ।

3. भूमि भरण स्थलों पर यानों और विद्यमान अन्य मशीनरी के मुक्त संचरण के लिए पहुंच और अन्य आंतरिक सड़कें होंगी।

4. भूमि भरण स्थल पर भूमि भरण के लिए लाए जाने वाले अपशिष्टों को मानीटरी करने को निरीक्षण सुविधा अभिलेख रखने के लिए कार्यालय सुविधा और उपस्कर और मशीनरी जिसके अंतर्गत पर्यावरण मानीटर करने के उपस्कर भी हैं, रखने के लिए आश्रय स्थल होंगे ।

5. भूमि भरण स्थलों पर लाए जाने वाले अपशिष्टों के परिणाम का मापन करने को तुला चौकी, अग्नि सुरक्षा उपस्कर और अन्य सुविधाएं जो अपेक्षित हों, का उपबंध होगा।

6. उपयोगिताएं जैसे पीने का पानी (कर्मकारों के लिए अधिमानी नहाने की सुविधा) और सहज भूमि भरण प्रचालन के लिए प्रकाश व्यवस्था जब रात्रि के घंटों में किया जाता हो, उपबंध होगा।

7. सुरक्षा उपबंध जिसके अंतर्गत भूमि भरण स्थलों पर कर्मकारों के स्वास्थ्य का आवधिक निरीक्षण करना होगा।

ग. भूमि भरण प्रचालनों और भूमि भरण पूर्ण होने पर उनको बंद करने के लिए विनिर्देशों के लिए मानदंड

1. अपशिष्ट को उच्च घनत्व प्राप्त करने के लिए भूमि भरण कंपेक्टर्स की पतली तह लगाए जाने के अधीन रहते हुए अपशिष्ट होंगे । उच्च वर्षा वाले क्षेत्रों में जहां भारी कंपेक्टरों का उपयोग नहीं किया जा सकता है वैकल्पिक उपाय अपनाने होंगे ।

2. अपशिष्टों को तत्काल या प्रत्येक कार्यदिवस के अंत में दस सेंटीमीटर तक मिट्टी अवस्थित मलबे या निर्माण सामग्री से ऐसी अवधि तक ढक दिया जाएगा जब तक कि अनुसूची-2 के अनुसार कंपोस्टिंग, पुनःचक्रण या ऊर्जा की पुनर्प्राप्ति के लिए अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाओं की स्थापना न कर दी जाए ।

3. मानसून ऋतु के आरंभ होने से पूर्व भूमि भरण स्थलों को 40.65 सेंटीमीटर मिट्टी की मोटाई वाला अंतःवर्ती आवरण से उचित मोटाई और ग्रेडिंग करके बिछा दिया जाएगा जिससे मानसून के दौरान वर्षा के पानी के रिसाव को रोका जा सके । भूमि भरण स्थलों के प्रभावी क्षेत्रों से वर्षा के पानी के बहाव को रोकने के लिए उचित नालियों का संनिर्माण किया जाएगा ।

4. भूमि भरण स्थलों के पूरा हो जाने के पश्चात् उसके रिसाव और कटाव को न्यूनतम करने के लिए अंतिम आवरण डिजाइन किया जाएगा । अंतिम आवरण निम्नलिखित विनिर्देशों को पूरा करेगा:-

(i) इसे अवरोधक मिट्टी की एक परत से जिसे $1X10^{-7}$ सेंटीमीटर प्रति सेकिंड से कम की पारगम्यता वाली साठ सेंटीमीटर मोटी चिकनी मिट्टी या शोधित मिट्टी से अंतिम रूप से ढका जाएगा ।

(ii) अवरोधक मिट्टी की परत के ऊपर पंद्रह सेंटीमीटर मोटी एक निकास परत होगी ।

(iii) निकास परत के ऊपर 45 सेंटीमीटर मोटी कोई वनस्पति परत होगी जो प्रकृतिजन्य पादपों की वृद्धि में सहायता करेगी जिससे भूमि का कटाव कम से कम होगा ।

घ. प्रदूषण रोकने के लिए मानदंड-

भूमि भरण प्रचालन से प्रदूषण समस्याओं को रोकने के क्रम में निम्नलिखित उपबंध किए जाएंगे, अर्थात्:-

1. बिच्छालनों की उत्पत्ति को कम से कम करने और सतही जल के प्रदूषण को रोकने तथा बाढ़ और दलदलीय स्थितियों से बचने के लिए भी तूफानी जल नालियों को मोड़ा जाएगा ।

2. अपशिष्ट व्ययन क्षेत्र के आधार और दीवारों को अपारगम्य लाइनिंग की प्रणाली कर संनिर्माण करना । ऐसी अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाओं के परिणामस्वरूप उत्पन्न अपशिष्ट अथवा मिश्रित अपशिष्टों या ऐसे अपशिष्टों जिसमें परिसंकटमय सामग्री को (जैसे ऐरोसोल, ब्लीच, पालिश, बैटरी, अपशिष्ट तेल, पेंट उत्पाद और कीटनाशक हों) भरने के लिए प्रयुक्त होने वाले भरण स्थलों के मामले में न्यूनतम लाइनर विनिर्देश एक ऐसी संग्रशित अवरोधक होगी जो 1.5 मिलीलीटर उच्च घनत्व वाली पॉली इथाइलीन (एचडीपीइ) कठोर परत (जीयोम्मरिंग/ जियोसिंथेटिक लाइनर) या उसके समतुल्य होगी तथा मिट्टी (चिकनी/संशोधित मिट्टी) 90 सेंटीमीटर के ऊपर होगी तथा इसकी पारगम्यता $1X10^{-7}$ सेंटीमीटर प्रतिसेकेड से अधिक नहीं होगी । जल सारणी का अधिकतम स्तर चिकनी या संशोधित मिट्टी की अवरोधक परत के आधार से कम से कम दो मीटर नीचे होगा ।

3. बिच्छालन संग्रहण और शोधन के प्रबंधनों के लिए उपबंध किए जाएंगे । बिच्छालनों के शोधन अनुसूची-2 में विनिर्दिष्ट मानकों के अनुसार होगा ।

4. भूमि भरण क्षेत्र से होने वाले बहाव को किसी झरने, नदी, झील या तालाब में जाने से रोकना।

ङ. जल क्वालिटी मानीटरी के लिए मानदंड

1. किसी भूमि भरण स्थल को स्थापित करने से पूर्व क्षेत्र में भूमिगत जल की क्वालिटी के आधार पर आंकड़े एकत्र किए जाएंगे और उन्हें भविष्य में संदर्भ के लिए अभिलेख पर रखा जाएगा । भूमि भरण स्थल की परिधि के 50 मीटर के अंदर भूमिगत जल की क्वालिटी को आवधिक रूप में मानीटर किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भूमिगत जल बोर्ड/राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार भूमिगत जल स्वीकार्य सीमा से अधिक संदूषित न हो ।

2. किसी भी प्रयोजन (जिसके अंतर्गत पेय जल और सिंचाई भी है) भूमि भराई स्थलों में तथा उनके चारों ओर भूमिगत जल के प्रयोग पर उसकी क्वालिटी सुनिश्चित करने के पश्चात् विचार किया जाएगा । मानीटरी प्रयोजन के लिए पेयजल क्वालिटी के लिए निम्नलिखित विनिर्देश लागू होंगे, अर्थात्:-

क्रम. सं.	पैरामीटर	भा.मा. 10500: 1991 संस्करण 2.2 (2003-09) वांछनीय सीमा (मिग्रा/ली0 पीएच को छोड़कर)
(1)	आर्सेनिक	0.01
(2)	कैडमियम	0.01
(3)	क्रोमियम	0.05
(4)	तांबा	0.05
(5)	साइनाइड	0.05
(6)	सीसा	0.05
(7)	पारा	0.001
(8)	निकिल	–
(9)	नाइट्रेट एनओ के रूप में	45.0
(10)	पी एच	6.5-8.5
(11)	लौह	0.3
(12)	कुल कठोरता (सीएसीओ$_3$ के रूप में)	300.0

(13)	क्लोराइड	250
(14)	विलीन ठोस	500
(15)	फिनोलिक मिश्रण ($सी_6एच_5ओएच$)	0.001
(16)	जस्ता	5.0
(17)	सल्फेट (एसओ$_4$ के रूप में)	200

च. **परिवेशी वायु क्वालिटी को मानीटर करने के लिए मानदंड**

1. भूमि भरण स्थल पर गैस संग्रहण प्रणाली सहित भूमि भरण गैस नियंत्रण प्रणाली की स्थापना की जाएगी जिससे कि दुर्गंध को कम से कम किया जा सके तथा गैसों के अपस्थलीय फैलने को रोकने और भरी गई भूमि में उगाई गई वनस्पतियों को बचाया जा सके ।

2. भूमि भरण स्थलों से निकलने वाली मीथेन गैस का सान्द्रण न्यूनतम विस्फोटक सीमा (एल.ई.एल.) 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा ।

3. किसी भूमि भरण स्थल पर संग्रहण सुविधा से प्राप्त भूमि भरण गैस का उपयोग व्यवहार्यता के अनुसार या तो सीधा तापीय उपयोजन या विद्युत उत्पादन में किया जाएगा । अन्यथा, भूमि भरण गैस को जला (प्रदीप्त) दिया जाएगा और सीधे वायुमंडल में या अवैध रूप से निकासी के लिए नहीं छोड़ा जाएगा । यदि इसका उपयोग और प्रदीप्त संभव न हो तो निष्क्रिय निकास की अनुमति दी जाएगी ।

4. भूमि भरण स्थल पर और इसके आस-पास परिवेशी वायु की क्वालिटी को निम्नलिखित विहित मानकों के अनुसार मानीटर किया जाएगा, अर्थात्:-

क्रम सं.	पैरामीटर	स्वीकार्य स्तर
(i)	सल्फर डाइ-आक्साइड	50 µजी/एम^3 (वार्षिक*) 80 µजी/एम^3 (24 घंटे**)
(ii)	नाइट्रोजन डाइ-आक्साइड	40 µजी/एम^3 (वार्षिक*) 80 µजी/एम^3 (24 घंटे**)
(iii)	विविक्त सामग्री (10µ से कम) या पीएम$_{2.5}$	60 µजी/एम^3 (वार्षिक*) 100 µजी/एम^3 (24 घंटे**)
(iv)	विविक्त सामग्री (2.5µ से कम) या पीएम$_{2.5}$	40 µजी/एम^3 (वार्षिक*) 60 µजी/एम^3 (24 घंटे**)
(v)	कार्बन मोनोक्साइड	1 घंटा **: 04एमजी/एम^3 8 घंटे **: 02एमजी/एम^3
(vi)	अमोनिया (एनएच$_3$) µजी/एम^3	100 µजी/एम^3 (वार्षिक*) 400 µजी/एम^3 (24 घंटे**)
(vii)	बेंजो (ए) पिरेन(बीएपी) - केवल विवक्त दशा एनजी/एम^3	1एनजी/एम^3 (वार्षिक*)

टिप्पण :

(i) *वार्षिक गणन से किसी विशिष्ट स्थल पर एक किसी वर्ष में न्यूनतम 104 मानक मापन जो समान अंतरालों पर किसी सप्ताह के 24 घंटे में दो बार लिए जाते हैं अभिप्रेत हैं ।

(ii) ** यथास्थिति, 24 घंटे या 8 घंटे या 1 घंटे मानीटरी के दो लगातार दिनों पर, किंतु वे उस सीमा को पार कर सकेंगे परंतु वह समय की दो प्रतिशत सीमा से अधिक नहीं हो सकेगी, किसी वर्ष में समय का 98 प्रतिशत के साथ अनुपालन होगा ।

5. परिवेशी वायु क्वालिटी को संबंधित प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित नियत समय के अनुसार मानीटर किया जाएगा, अर्थात्:-

(क) 50 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों में एक वर्ष में छः बार ।

(ख) 10 लाख से 50 लाख तक की जनसंख्या वाले शहरों में एक वर्ष में चार बार ।

(ग) एक लाख से 10 लाख तक की जनसंख्या वाले शहरों में एक वर्ष में दो बार ।

छ. भूमि भरण स्थल पर पौध रोपण के लिए मानदंड

1. तैयार स्थल को हरा-भरा बनाया जाएगा तथा निम्नलिखित मार्गदर्शक सिद्धांतों का पालन किया जाएगा:

(क) स्थानीय रूप से अंगीकृत अखाद्य बारहमासी पौधों का चयन जो सूखे तथा अत्यधिक तापमान के प्रतिरोधी हैं, को उगाने की अनुमति दी जाएगी ।

(ख) उगाए गए पौधे ऐसे होंगे जिनकी जड़ें निम्न पारगम्यता परत को नुकसान नहीं पहुंचाएंगी

(ग) चयन किए गए पौधों में न्यून-पोषक मिट्टी में न्यूनतम पोषक संवर्धन के साथ फलने-फूलने का सामर्थ्य होगा ।

(घ) मिट्टी के कटाव को कम से कम करने की दृष्टि से पौध रोपण किया जाएगा ।

ज. भूमि भरण स्थल पर पश्चात्वर्ती देखभाल के लिए मानदंड

1. भूमि भरण स्थल कार्य समाप्ति के पश्चात् कम से कम 15 वर्षों तक उसकी देखभाल की जाएगी तथा लंबी अवधि तक मानीटर और देखभाल योजना में निम्नलिखित होंगे, अर्थात्:-

(क) सबसे ऊपरी परत को पूर्ण रूप से तथा उसके प्रभावी अनुरक्षण के लिए उसकी मरम्मत करते रहना और कटाव या किसी अन्यथा नुकसान से अनुरक्षण करना ।

(ख) अपेक्षानुसार विक्षालन संग्रहण प्रणाली को मानीटर करना ।

(ग) अपेक्षानुसार भू-जल को मानीटर करना तथा भू-जल क्वालिटी को बनाए रखना ।

(घ) मानकों के अनुरूप भूमि भरण गैस संग्रहण प्रणाली का अनुरक्षण करना तथा चलाते रहना।

2. भरे गए भूमि भरण स्थलों के पंद्रह वर्षों के पश्चात् उपयोग पर मानव बस्ती में या अन्यथा प्रयोग किए जाने के बारे में यह सुनिश्चित करने के पश्चात् विचार किया जाएगा कि गैस तथा विक्षालन संबंधी विश्लेषण अधिकथित मानकों के अनुसार है ।

झ. पर्वतीय क्षेत्रों के लिए विशेष उपबंधों के लिए मानदंड

पर्वतों पर बसे शहरों तथा कस्बों में, नगर पालिका प्राधिकारी द्वारा संबंधित राज्य प्रदूषण बोर्ड या समिति के अनुमोदन से ठोस अपशिष्टों के अंतिम व्ययन के लिए विकसित की गई स्थानीय विनिर्दिष्ट पद्धतियां अपनाई जाएंगी । नगर पालिका प्राधिकारी जैव निम्नीकरणीय कार्बनिक अपशिष्टों को उपयोगी बनाने के लिए संसाधन सुविधाएं स्थापित करेगी । निष्क्रिय तथा जैव अनिम्नीकरणीय अपशिष्ट सड़कें बनाने या पहाड़ों पर उपयुक्त क्षेत्रों की भराई करने में प्रयोग किए जाएंगे । पहाड़ी क्षेत्रों में पर्याप्त भूमि प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों के कारण सड़क पर बिछाने या भराई के लिए उपयुक्त न पाए गए अपशिष्टों का निपटान विशेष रूप से डिजाइन किए गए भूमि भराई में किया जाएगा ।

अनुसूची-2

क. कचरा खाद के मानक

1. अपशिष्ट प्रसंस्करण या निपटान सुविधाओं में कचरा खाद नियमित जैव उपचार, भष्मीकरण, ऊर्जा, प्रतिलाभ या ऐसी अन्य सुविधाओं में समुचित प्रौद्योगिकी का उपयोग होगा ।

2. नगर पालिका निजी अभिकरण, अभिकरण प्राधिकारी द्वारा की नियुक्ति के मामले में, नगर पालिका प्राधिकार और निजी अभिकरण के बीच एक विशेष रूप से ठोस अपशिष्ट के प्रदाय और अन्य संबंधित शर्तों और निबंधनों पर विनिर्दिष्ट करार किया जाएगा ।

3. कम्पोस्ट संयंत्र और अन्य प्रसंस्करण सुविधाओं से होने वाली प्रदूषण समस्याओं के निवारण के लिए निम्नलिखित का पालन करना होगा, अर्थात्:-

(i) स्थल पर पहुंचने वाले अपशिष्टों का आगे प्रसंस्करण से पूर्व भली-भांति रख रखाव किया जाना चाहिए । जहां तक हो सके अपशिष्ट भंडारण क्षेत्र ढ़का हुआ होना चाहिए । यदि ऐसा भंडारण खुले में किया गया हो तो निक्षलन शोधन और निपटान सुविधा तक पहुंचने वाले पंक्तिबद्ध नालों के निक्षालन/सतही जल अपवाह को इकट्ठा करने की सुविधा के साथ अपारगम्य आधार उपलब्ध कराया जाना चाहिए ।

(ii) गंध, कीड़े मकोड़े, कृंतक पक्षी के खतरे और आग के खतरे को कम करने के लिए आवश्यक सावधानी बरती जानी चाहिए ।

(iii) संयंत्र के ब्रेक डाउन/रख रखाव के मामले में अपशिष्ट अंतर्ग्राही को बंद कर दिया जाना चाहिए और अपशिष्ट के भूमिभरण की ओर दिशा परिवर्तन की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

(iv) प्रक्रिया सुविधा स्थल से प्रक्रिया पूर्व और प्रक्रिया पश्चात् अस्वीकृति को नियमित आधार पर हटाया जाना चाहिए और उसे स्थल पर इकट्ठे नहीं होने देना चाहिए । पुनश्चक्रण योग्य सामग्री उपर्युक्त विक्रेताओं के माध्यम से आनी चाहिए गैर पुनश्चक्रण को अच्छी तरह डिजाइन किए गए भूमिभरण स्थल (स्थलों) में भेजा जाना चाहिए ।

(v) कम्पोस्ट संयंत्र के मामले में विन्ड्रों क्षेत्र में पारगम्य आधार उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। ऐसा आधार क्रंक्रीट अथवा कम्पैक्ट क्ले 50 सेंटीमीटर मोटी, जिसकी पारगम्यता गुणांक (10-7 सेंमी./सेकंड) के कम हो, का होना चाहिए । आधार में 1 से 2 प्रतिशत ढाल होनी चाहिए और इसके चारो तरफ निक्षालन या सतही अपवाह को इकट्ठा करने के लिए नालियां होनी चाहिए।

(vi) प्रसंस्करण संयंत्र की बाहरी दीवार की ओर नीचे की हवा में विशेष रूप से गंध की जांच करने के लिए नियमित परिवेशी वायु क्वालिटी की निगरानी की जानी चाहिए ।

(vii) नमी बनाए रखने के लिए कंपोस्ट संयंत्र में शोधित निक्षालन को पुनः प्रचालित करना होगा ।

4. कम्पोस्ट का संरक्षित प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए कम्पोस्ट क्वालिटी के लिए निम्नलिखित विनिर्दिष्टयों को पूरा किया जाना चाहिए, अर्थात् :-

पैरामीटर	**(मि.ग्रा/कि.ग्रा शुष्क आधार पर पीएच मान और सीएन अनुपात को छोड़कर) से अनधिक संक्रेदण**
आर्सेनिक	10.00
कैडमियम	5.00
क्रोमियम	50.00
तांबा	300.00
सीसा	100.00
पारा	0.15
निकिल	50.00
जस्ता	1000.00
सी/एन औसत	20.40
पी एच	5.5-8.5

*ऊपर कथित संकेन्द्र से अनधिक कंपोस्ट (अंतिम उत्पाद) खाद्य फसलों के लिए उपयोग में नहीं लाया जाएगा । तथापि, खाद्य फसलों को उगाने से भिन्न प्रयोजनों के लिए इसका उपयोग किया जा सकेगा ।

ख. शोधित निक्षालन के लिए मानक

शोधित निक्षालन के व्ययन में निम्नलिखित मानकों का पालन किया जाएगा, अर्थात्:-

क्र.सं.	पैरामीटर	मानक (व्ययन के तरीके)		
		अंतर्देशीय सतही जल	सार्वजनिक मलनाली	भूमि व्ययन
1.	निलंबित ठोस मि.ग्रा./ ली. अधिकतम	100	600	200
2.	घुले हुए ठोस (अकार्बनिक) मि. ग्राम/ लि.अधिकतम	2100	2100	2100
3.	पी.एच. मान	5.5 से 9.0	5.5 से 9.0	5.5 से 9.0
4.	अमोनिकल नाइट्रोजन (एन के रूप में)	50	50	-
5.	कुल कजेलडाहल, नाइट्रोजन (एन के रूप में) मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	100	-	-
6.	जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (27 सें. पर 3 दिन) अधिकतम मि. ग्राम/ लि.	30	350	100

7.	रसायनिक ऑक्सीजन मांग, मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	250	-	-
8.	आर्सेनिक (ए.एस. के रूप में) मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	0.2	0.2	0.2
9.	पारा(एच.जी. के रूप में) मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	0.01	0.01	-
10.	सीसा (पी.बी. के रूप में) मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	0.1	1.0	-
11.	कैडमियम (सी.डी. के रूप में) मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	2.0	1.0	-
12.	कुल क्रोमियम (सी.आर. के रूप में) मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	2.0	2.0	-
13.	तांबा (सी.यू. के रूप में) मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	3.0	3.0	-
14.	जस्ता (जैड.एन. के रूप में) मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	5.0	15	-
15.	निकल (एन.आई. के रूप में) मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	3.0	3.0	-
16.	सायनाइड (सी.एन. के रूप में) मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	0.2	2.0	0.2
17.	क्लोराइड (सी.आई. के रूप में) मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	1000	1000	600
18.	फ्लोराइड (एफ. के रूप में) मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	2.0	1.5	-
19.	फिनोलिक मिश्रण ($सी_6एच_5$ के रूप में) मि. ग्राम/ लि. अधिकतम	1.0	5.0	-

टिप्पणः अंतःभूतल जल में शोधित निछालनों को बहाते समय, बाहर जाने वाले निछालनों की मात्रा और इकट्ठा करने वाले जलाशयों में उपलब्ध विलीन जल की मात्रा पर सम्यक् ध्यान दिया जाएगा ।

ग. भष्मीकरण: भष्मीकरण संयंत्र निम्नलिखित प्रचालन और उत्सर्जन मानको को पूरा करेंगे, अर्थात् :-

प्रचालन मानक

